epaper
हिन्दुस्तान

इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड में यूपी पहले स्थान पर

19/04/2022

लखनऊ, विशेष संवाददाता। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उत्कृष्ट एवं अभिनव कार्य के लिए उत्तर प्रदेश को प्रथम पुरस्कार मिला है। प्रदेश को यह पुरस्कार गुजरात के सूरत में केन्द्रीय मंत्री आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय एवं पेट्रालियम व प्राकृतिक गैस हरदीप सिंह पुरी ने प्रदान किया।

सूरत में सोमवार से 20 अप्रैल तक चलने वाले चतुर्थ 'स्मार्ट सिटीज़ स्मार्ट अरबनाइजेशन-मिशन टू मूवमेंट' कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलग-अलग द्वितीय राउंड के शहरों में देश के चुने गए 100 स्मार्ट शहरों में प्रथम स्थान पर आगरा स्मार्ट सिटी और तीसरे स्थान पर वाराणसी रहा।

स्मार्ट सिटी पुरस्कारों के अलग-अलग वर्गों में वाराणसी स्मार्ट सिटी को तीन, आगरा स्मार्ट सिटी को दो और सहारनपुर स्मार्ट सिटी को एक पुरस्कार मिला है।

सीएम योगी के विश्वास पर खरे उतरे: एके शर्मा

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने पुरस्कृत शहरों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो विश्वास व्यक्त किया है। हम उस पर खरे उतरे हैं। उम्मीद है कि अगले पुरस्कारों की घोषणा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अन्य शहरों का नाम भी शामिल होगा। अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री के मार्गदर्शन से यह संभव हो सका है।

वाराणसी को मिले तीन अवार्ड: इसी तरह वाराणसी स्मार्ट सिटी को वाटर प्रोजेक्ट अवार्ड में अस्सी नदी के पर्यावरणीय पुनरुद्धार के लिए पहला स्थान हासिल हुआ है। 'स्मार्ट सिटीज सिटी लीडरशिप अवार्ड' में वाराणसी स्मार्ट सिटी दूसरे नंबर पर काबिज हुआ है। इनोवेटिव आइडिया अवार्ड कोविड इनोवेशन अवार्ड श्रेणी में वाराणसी व कल्याण डोम्बिवली को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। इसी श्रेणी के चौथे चक्र में चयनित स्मार्ट सिटीज में सहारनपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।